# महिलाओं के गहने चुराने के मामलों में सास-बहू गिरफ्तार

**पाली**, (निसं)। पाली पुलिस ने एक शातिर सास-बहू को गिरफ्तार किया है, जो बसों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में महिलाओं के गहने चुराने में माहिर हैं। 20 अगस्त को पाली कोर्ट से लौटते समय उन्होंने एक महिला की सोने की चेन चुराई थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर दोनों को पकड़ा गया। भीड़भाड़ एवं बसों में गहने चुराने में एक्सपर्ट शातिर सास बहू कोतवाली पुलिस के हत्थे चढ़ गई है। इन्होंने कुछ माह पूर्व पेशी से लौटते वक्त एक बस में सोने की चेन चोरी की वारदात को अंजाम दिया था और फरार हो गई थी।

इस मामले में कोतवाली पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए शातिर सास-बहू को गिरफ्तार किया है। सास-बहू की यह जोड़ी जून महीने में भी बस स्टैंड से महिला के गहने चोरी करने के मामले में गिरफ्तार हो चुकी है। सिरोही जिले के पिण्डवाड़ा थाना क्षेत्र के पुरानी कोर्ट के पीछे मिलानी कॉलोनी कच्ची बस्ती सुंदरदेवी पत्नी बाबूलाल और उसकी पुत्रवधु पूनम पत्नी कमलेश को गिरफ्तार किया है। इन दोनों ने 20 अगस्त को पाली शहर के सिंधी कॉलोनी में रहने वाले शैतानसिंह पुत्र हरीसिंह की मां भंवरी देवी के गले में पहनी सोने की ढाई तोला चेन उस समय चुरा ली, जब वह पाली बस स्टैंड से राजसमंद के लिए बस में बैठ रही थी।



महिलाओं के गहने चुराने की आरोपी सास के खिलाफ 19, बहू के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज हैं। फोटो-राष्ट्रदूत

इस मामले में मुकदमा दर्ज होने पर कोतवाली पुलिस की विशेष टीम ने बस स्टैंड के सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो उसमें दो महिलाएं संदिग्ध नजर आई। इसके बाद पुलिस ने इन संदिग्ध महिलाओं के फुटेज के आधार पर कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए महिलाओं की पहचान की और उन्हें पूछताछ के लिए थाने लाया गया।

पुलिस की पूछताछ में इन्होंने 20 अगस्त को पाली बस स्टैंड पर महिला की सोने की चेन चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। अब कोतवाली पुलिस रिमांड के दौरान इनसे पुलिस चोरी की गई चेन बरामद करने का प्रयास कर रही है। कोतवाल किशोरसिंह के अनुसार बताया इस वारदात के खुलासे में कांस्टेबल जितेन्द्र बागोरा और महेश कुमार की भूमिका सराहनीय रही है। अब तक की पूछताछ एवं जांच के बाद यह खुलासा हुआ है कि सास बहू की यह जोड़ी शातिर चोर है। सास सुंदर देवी के खिलाफ 19 जबकि बहू पूनम के खिलाफ 7 मुकदमे दर्ज है। दोनों सास-बहू पाली बस स्टैंड से महिला के गहने चोरी करने के मामलें में जून 2024 में गिरफ्तार हो चुकी है। जमानत पर छूटने के बाद दोनों ने मिलकर एक दर्जन से ज्यादा वारदातों को अंजाम दे दिया। सास बहू ने पुलिस थाना कोतवाली पाली में 2, सोजत, ब्यावर, अजमेर, राजसमंद, भीलवाड़ा, उदयपुर, डूंगरपुर, बासंवाडा, सिरोही, अहमदाबाद, बनासकांठा गुजरात व जगह-जगह पर दर्जनभर वारदात करना स्वीकार किया है।

# जैन संत गुण विहार पहुंचे

**पाली**, (नि.सं.)। अचलगच्छ जैन संघ के ट्रस्टी मनीष बोहरा ने बताया कि गुरुवार को प्रात 10 बजे गणिवर्य कमलप्रभ सागर महाराज आदि ठाणा 3 एवं साध्वी नीतिगुणा आदि ठाना 3 का गाजे बाजे से भव्य प्रवेश जोधपुर रोड श्री गौतम गुण विहार जैन तीर्थ में हुआ।

मनीष बोहरा ने बताया कि गणिवर्य कमलप्रभ सागर महाराज बाड़मेर में ऐतिहासिक चातुर्मास पूर्ण करके पाली की तरफ विहार किया एवं रविवार को पाली से छः री पालित पैदल संघ में एक दिवसीय निश्रा प्रदान करते हुए कर्मावास,खुटानी,केरला गांव होते हुए गुरुवार को गौतम गुण विहार धाम में प्रवेश किया। संघ अध्यक्ष मांगीलाल बोहरा,सचिव पवन सिंघवी, कोषाध्यक्ष महेश बोहरा, तीर्थ ट्रस्टी रमेश वडेरा, मिश्रीमल लालन,मनीष बोहरा,हेमांग गाला,इंदु बोहरा, पुष्पा सिंघवी,आदि उपस्थित रहे। गणिवर्य कमलप्रभ सागर महाराज दिसंबर में त्रि दिवसीय 10 से 12 दिसंबर प्रतिष्ठा महोत्सव में निश्रा प्रदान करेंगे।

# शादी में जा रहे भाई व बहिन की मौत, भानजी के हल्की चोटें आई

**जालोर**, (कासं)। जालोर में बुधवार रात सड़क हादसे में भाई बहन की मौत हो गई। भाई अपनी बहन और भांजी को स्कूटी पर शादी समारोह में ले जा रहा था। ममेरे भाई की शादी थी। भाई-बहन बिंदौरी में शामिल होने जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में कार ने स्कूटी को टक्कर मार दी। दोनों की मौत हो गई। गुरुवार को घर में शादी बिना रुकावट के सम्पन्न हो इसके लिए परिजन ने कई घंटे तक दर्द छुपाए रखा।

कोतवाली थाना के एएसआई दानाराम ने बताया- हादसा जालोर जिले के कोतवाली थाना इलाके के लेटा गांव में बुधवार रात 9 बजे के करीब हुआ। जालोर के रतनपुरा रोड पर शंकर वाटिका निवासी तुलसा राम (28) पुत्र जगदीश बुधवार रात बाइक पर अपनी बहन पूजा (25) पत्नी जितेंद्र और भांजी सरोज को लेकर ममेरे भाई के विवाह समारोह में जा रहा था।

तीनों बाइक से ननिहाल भैंसवाडा गांव जा रहे थे। वहां ममेरे भाई की बिंदौरी में शामिल होना था। रात 9 बजे जालोर से निकलने के बाद लेटा गांव से आगे कानीवाडा मोड पर आहोर की तरफ से आती एक कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में तुलसा राम और पूजा गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि पूजा की बेटी सरोज मामूली रूप से चोटिल हुई। घायल तुलसा राम और पूजा को एंबुलेंस से जालोर हॉस्पिटल लाया गया। जहां डॉक्टर ने तुलसा राम को मृत घोषित कर दिया और पूजा को अहमदाबाद रेफर कर दिया। रास्ते में पुजा ने भी दम तोड़ दिया। सरोज को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। पूजा का ससुराल जालोर के राजेंद्र नगर में जागनाथ महादेव मंदिर की गली में है। गुरुवार को पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सौंप दिए। अज्ञात कार ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

शादी बिना रुकावट सम्पन्न हो इसके लिए दर्द छुपाए रखाः- परिवार को एक्सीडेंट की जानकारी मिली। ऐसे में शादी में किसी तरह की बाधा न हो इसके लिए परिवार ने कई घंटों तक दोनों की मौत के बारे में किसी को नहीं बताया। गुरुवार को परिवार में शादी समारोह सादगी से सम्पन्न हुआ। इसके बाद परिजन मॉच्युरी पहुंचे और अंतिम संस्कार की तैयारी की।

तुलसा राम गुजरात के सूरत में फैंसी स्टोर पर काम करता था। शादी में शामिल होने के लिए वह मंगलवार की रात ही सूरत से जालोर आया था। तुलसा राम इकलौता बेटा था। उसके दो बहनें थीं। पूजा की शादी 7 साल पहले जालोर के राजेंद्र नगर निवासी जितेंद्र कुमार पुत्र चेलाराम माली से हुई थी। ममेरे भाई की शादी में जाने के लिए वह अपने पीहर से भाई के साथ स्कूटी पर रवाना हुई। उसके साथ 4 साल की बेटी सरोज भी थी। जबक 6 साल के बेटे को वह घर पर छोडकर गई थी।

परिवार के एक सदस्य ने बताया कि दोनों की मौत की बात मामा के परिवार से 16-17 घंटे तक छुपाए रखी। गुरुवार दोपहर पोस्टमॉर्टम के बाद ही परिजन को सूचना दी गई और शवों को घर ले जाया गया।

# खाद्य पदार्थों के नमूने फेल होने पर न्यायालय ने जुर्माना लगाया

**पाली**,(नि.सं.)। सरकार मिलावट करने वालों के खिलाफ सख्त है। जिले में चल रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान का असर दिखना शुरू हो गया है। मिलावट पर पाली चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की ओर से खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत की जा रही कार्रवाई पर न्यायालय ने चार मामलों में बड़ा जुर्माना लगाया है।

विभाग की ओर से इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि आमजन को शुद्ध एवं बिना मिलावट वाला खाद्य पदार्थ मिल सके।

सीएमएचओ डॉ. विकास मारवाल ने बताया कि न्याय निर्णयन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट डॉ बजरग सिहं की अदालत ने खाद्य पदार्थों के नमूने फेल होने पर विक्रेता व थोक विक्रेता पर जुर्माना लगाया है।

न्यायालय ने घी के खुदरा व थोक विक्रेता पर सात लाख रुपए व तेल पर एक लाख अस्सी हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। उन्होंने बताया कि विभागीय टीम ने 20 अगस्त 2023 को मैसर्स बादरमल नथमल देवजी का बेरा सोजत रोड पर कार्रवाई करते हुए घी ब्रान्ड विशवा व मूगफली का तेल ब्रान्ड पावन एवं मैसर्स रिलायस स्मार्ट पोईन्ट सुभाष नगर से घी कृष्णा का नमूना लिया। जांच में घी ब्रान्ड विशवा सबस्टेंर्ड व घी ब्रान्ड कृष्णा का मिथ्याछाप पाया गया।

इस पर विभाग की ओर से न्यायालय में होल सेलर फर्म बादरमल नथमल पर छह लाख अस्सी हजार रूपए व रिलांयस स्मार्ट पोईन्ट सुभाष नगर पर दो लाख रूपए का जुर्माना किया तथा निर्णयन अधिकारी ने इस प्रकरण की सुनवाई करते हुए आठ लाख रुपए अस्सी हजार रुपए का जुर्माना लगाया।

सीएमएचओ डॉ.विकास मारवाल ने बताया कि राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना शुद्ध आहार-मिलावट पर वार अभियान निरंतर जारी है। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# परमार राजस्थान टीम के मैनेजर बने

**जालोर**, (कासं)। 68वी राष्ट्रीय विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता के अन्तर्गत बॉक्सिंग 17 वर्ष छात्र दल के साथ राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के शारीरिक शिक्षक पुष्पेन्द्र परमार को राजस्थान टीम का टीम मैनेजर बनाया गया है।

उच्च माध्यमिक विद्यालय सांकरणा के उप प्रधानाचार्य जगदीश रामावत ने बताया कि कार्यालय निदेशालय माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के आदेशानुसार विद्यालय के शारीरिक शिक्षक पुष्पेन्द्र परमार 68 वी राष्ट्रीय विधालय खेलकूद प्रतियोगिता में बॉक्सिंग 17 वर्ष छात्र -छात्रा दल 9 से 15 दिसम्बर 2024 तक दिल्ली मे आयोजित टीम के साथ टीम मैनेजर होगें। उक्त दल के भाग लेने से पूर्व चयन परीक्षण 30 नवम्बर से 1 दिसम्बर तक चयन होगा। चयनितों का पूर्व प्रशिक्षण शिविर 2 से 6 दिसम्बर तक प्रधानाचार्य, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय मीनावाला जयपुर के तत्वावधान में होगा।

# कक्षा कक्ष का लोकार्पण

**जोधपुर**, (कासं)। संसदीय कार्य,विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने ग्राम पंचायत गंगाणा की राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मध्य पूर्व पुलिस चौकी में गुरुवार को 19.86 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित कक्षा-कक्ष का विधिवत् रूप से फीता काटकर लोकार्पण किया।

संसदीय कार्य मंत्री पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शैक्षिणक उन्नयन एवं विद्यालयों में अवसंरचना विकास के कृत संकल्पित है। उन्होंने कहा कक्षा-कक्ष, लैब, पुस्तकालय एवं शौचालय निर्माण के लिए इस बजट में 350 करोड़ रुपए और प्रदेश के 750 विद्यालयों के भवनों की मरम्मत के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया गया है।

पटेल ने कहा बजट में राज्य में सभी वर्गों के राजकीय एवं अनुदानित छात्रावासों तथा आवासीय विद्यालयों में आवासित छात्र-छात्राओं को देय मैस भत्ता 2 हजार 500 रुपए से बढ़ाकर 3 हजार रुपए प्रतिमाह किया गया है। उन्होंने कहा राजकीय विद्यालयों के मेधावी विद्यार्थियों को उच्च अध्ययन के लिए प्रोत्साहन देने के लिए 8 वीं,10 वीं एवं 12 वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं में राज्य तथा जिला स्तरीय मेरिट में आने वाले विद्यार्थियों को तीन वर्ष की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ टैबलेट्स निःशुल्क दिए जा रहे है। संसदीय कार्य मंत्री ने विद्यालय में कक्षा-कक्ष निर्माण के लिए 11 लाख रुपए की घोषणा की। पटेल ने कहा लूणी क्षेत्र में 3 अरब रुपए से भी अधिक राशि के सड़क निर्माण के कार्य स्वीकृत हो चुके है।

उन्होंने कहा क्षेत्र में निवासरत पाक विस्थापित बंधुओं की कॉलोनियों का सर्वे कर आधारभूत सुविधाएं विकसित की जाएगी।

# एस.डी.आर.एफ. ने सांडिया के पास नदी में डूबे व्यक्ति का शव बरामद किया

**पाली**, (नि.सं.)। बुधवार को सायं 7 बजे पुलिस कन्ट्रोल रूम जिला पाली से पुलिस थाना सोजत सिटी के अन्तर्गत ग्राम सांडिया के समीप स्थानीय नदी में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना एसडीआरएफ राजस्थान कन्ट्रोल रूम जयपुर को मिलने पर कन्ट्रोल रूम एसडीआरएफ द्वारा कमाण्डेन्ट राकेशपाल सिंह के निर्देशानुसार आपदा राहत एवं बचाव के लिए एसडीआरएफ एफ कम्पनी मुख्यालय जिला जोधपुर में तैनात रेस्क्यू टीम के प्रभारी हैड कानि. ओम सिंह को प्रातः घटनास्थल के लिए रवाना होने के निर्देश दिए।

गुरूवार को प्रातः 10:00 रेस्क्यू टीम प्रभारी 12 जवानों की टीम तथा आपदा राहत उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। टीम कमाण्डर ने घटनास्थल पर पहुँचकर स्थिति का जायजा लिया तथा एसडीआरएफ कमाण्डेन्ट को बताया कि बुधवार 27 नवम्बर को प्रातः के समय स्थानीय नदी में मछली पकड़ने के दौरान एक व्यक्ति डूब गया था, उक्त व्यक्ति के शव की तलाश को लेकर स्थानीय प्रशासन एवं ग्रामीणों के द्वारा काफी प्रयास किये गये, किन्तु अभी तक सफलता नहीं मिल पायी है। नदी की चौडाई 50 फीट तथा गहराई 20 फीट है। एसडीआरएफ राजस्थान कमाण्डेन्ट ने टीम कमाण्डर को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। टीम कमाण्डर के निर्देश पर रेस्क्यू टीम के जवानों मोतीराम, निम्बाराम, रामलाल विश्नोई, सुशील कुमार, अशोक कुमार, हीरालाल, रामचन्द्र, गणपतराम, वालाराम, हंसराज तथा हरदेवा राम ने सर्च ऑपरेशन शुरू किया। सबसे पहले रेस्क्यू टीम ने मोटर बोट को तेज गति से चलाकर नदी के पानी को हिलाया।

उसके बाद बांस, बिलाई एवं रेस्क्यू रोप की सहायता से गहन सर्च किया। काफी प्रयासों के बावजूद सफलता नहीं मिलने पर टीम कमाण्डर ने सर्च तकनीक में बदलाव किया।

टीम कमाण्डर के निर्देश पर डीप डाइवर सुशील कुमार कानि. 534 ने स्कूबा सेट की सहायता से नदी की गहराई में जाकर सर्च किया।

अथक परिश्रम तथा कडी मेहनत से डीप डाइवर सुशील कुमार कानि0 534 को प्रातः 11:50 बजे सफलता मिली। टीम ने नदी में डूबे पारसमल पुत्र मिश्रीलाल बावरी उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम सांडिया तहसील सोजत सिटी जिला पाली के शव को बरामद कर स्थानीय प्रशासन को सुपुर्द किया।

# ई-सत्यापन स्कीम व आयकर की नवीनतम जानकारी दी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारत सरकार के आयकर विभाग की ओर से जिला मुख्यालय पर अधिकारियों, व्यापारिक संगठनों को ई-सत्यापन स्कीम व आयकर की नवीनतम जानकारी प्रदान करने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जैसलमेर के सचिव किशोरकुमार तालेपा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित डीआरडीए सभागार में आउटरिच कार्यशाला आयोजित की गई।

आयकर अधिकारी जैसलमेर देवीदयाल बोहरा ने बताया कि इस कार्यशाला में जोधपुर के आयकर अधिकारी (आसूचना व आपराधिक अन्वेषण) इन्द्रभूषण द्वारा ई-सत्यापन स्कीम एवं नवीन योजनाओं के बारे में संम्भागियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

कार्यशाला में बताया कि ई -. सत्यापन स्कीम के तहत विभिन्न एजेंसियों द्वारा वितीय लेनदेन , सम्पत्ति की खरीद बिक्री, क्रेडिट कार्ड व अन्य कई प्रकार की जानकारी आयकर विभाग को साझा की जाती है। जो करदाता के ई - फाइलिंग पोर्टल पर वार्षिक सूचना विवरणों ( ए आई एस) में दिखाई देती हैं।

करदाताओं द्वारा आयकर रिटर्न भरते समय ध्यान रखा जाना चाहिए।अन्यथा विभाग द्वारा नोटिस जारी कर सत्यापन करवाया जाता है। सत्यापन नहीं होने पर पुनः निर्धारण की कार्यवाही शुरू की जाती है। कार्यशाला में सी ए रौनक मालपानी ने आयकर की नवीनतम जानकारी दी व कहा की केद्रीय प्रत्यक्ष बोर्ड द्वारा छप्पन प्रकार की आय मानी गई है। मालपानी ने 2.0 व वेतन से स्त्रोत पर आयकर कटौती के बारे में विस्तार से बताया।



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जैसलमेर के सचिव किशोरकुमार तालेपा की अध्यक्षता में आउटरिच कार्यशाला हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर किशोरकुमार तालेपा, सचिव जिला विधिक सेवा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि आयकर विभाग द्वारा दी गई जानकारी सभी के लिए उपयोगी है और हम सभी का दायित्व है कि अपनी आय का सही आंकलन कर आयकर का समय पर भुगतान कर राष्ट्र के विकास में सहभागी बने व कोई भी व्यक्ति यदि आयकर भरता है तो खुद को सम्मानित महसूस करता है।

कार्यशाला में आयकर अधिकारी देवीदयाल बोहरा व इंद्रभूषण ने उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारियों , टैक्स कंसल्टेंटस, शहर के विभिन्न व्यापार संगठनों , औद्योगिक संगठनों , बैंकर्स से जुड़े लोगों के आयकर की प्रक्रिया में आ रही समस्याओं का समाधान किया।

इससे पूर्व कार्यशाला के प्रारम्भ में आयकर अधिकारी देवीदयाल बोहरा व इंद्रभूषण ने तालेपा का स्वागत किया।

कार्यशाला में टैक्स बार एसोसिएसन से सी ए एम एल टावरी , सी ए प्रमोद भाटिया, सी ए श्री जे पी व्यास, सी ए प्रवीण व्यास , सी ए भाविक भाटिया, पंकज पुरोहित , सी ए शुभम व्यास, सी एस ललित बिस्सा, एडवोकेट कपिल खत्री, समाजसेवी व उद्यमी महेन्द्र व्यास, व्यापार मंडल से मिट्ठालाल मोहता, जगदीश बिसानी, रीको इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष गोपिकिशन मेहरा, सचिव गिरीश व्यास होटल एसोसिएशन से गिराज शर्मा, आयकर विभाग जैसलमेर के निरीक्षक पारश प्रकाश, विक्रम सेन उपस्थित रहे।

अंत में बोहरा ने सभी आगुंतकों का कार्यशाला के सफल आयोजन पर आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन अभयसिंह ने किया।


## कार्यालय नगर परिषद,जालोर (राजस्थान)

(Hospital circle, Jalore, Rajasthan 343001) Email -npjaloreraj@gmail.com

क्रमांक नपजा / SBM(U)2.0 / 2024-25 / 4499 दिनांकः- 11.11.2024

### आपत्ति विज्ञप्ति

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2024-2025 में स्वच्छ भारत मिशन के तहत के शहर के समस्त वार्डो को ODF+/ODF++ घोषित किया जा रहा है। यदि उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन की 15 दिवस की समयावधि में नगर परिषद, कार्यालय में लिखित रूप में प्रस्तुत करें, बाद मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

सो सूचित रहे।

आयुक्त
नगर परिषद, जालोर

राज.संवाद / सी / 24 / 8428



MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN : L65910KL1992PLC006623
Registered Office: W - 4/ 638A, Manappuram House, P.O. Valapad, Thrissur - 680 567, Kerala, India

### निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.12.2024 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आयटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुनः सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :

बाडमेर, बालोतरा राजस्थान, 135580730018255, पालिका बाज़ार नया बस स्टैंड बालोतरा, 138060700003591, जोधपुर, आकलीया सर्कल जोधपुर, 114110700045842, 5885, 5897, 5942, महा मंदिर सर्कल, 123010700037481, 123010730042824, 123010750000080, फलौदी शाखा राजस्थान, 135610700016916, 6956, सरस्वती नगर जोधपुर, 124320700035988, 6030, 6049, 124320730030740, 0812, पाली, मानझ्यिा रोड, 115370700022409, 115370730024638, सुमेरपुर, 135550700012505, 2519, सूरजपोल पाली, 115410700027667, 115410730022346, 115410750000155, 0161, सिरोही, आबू रोड, 138340700001481, बायपास रोड सिरोही, 138070730005974,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 8089292353 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.


# डॉ. कच्छावाहा को माइसेटोमा बीमारी पर विश्व की प्रथम निर्देशिका बनाने का मौका मिला

**जोधपुर**, (कासं)। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने डॉ. एसएन मेडिकल, जोधपुर के पूर्व प्रधानाचार्य एवं नियंत्रक तथा वरिष्ठ प्रोफेसर, त्वचा रोग विभाग डॉ. दिलीप कच्छावाहा को माइसेटोमा बीमारी पर, विश्व की प्रथम तथा नवीनतम निर्देशिका (गाइड लाइन) बनाने के लिए आमंत्रित किया।

डॉ. दिलीप कच्छावाहा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन ने माइसेटोमा बिमारी पर गहन अनुसंधान कर, इसके इलाज के लिए विश्व भर में प्रथम बार निर्देशिका, बनाने के लिए उन्हें आमंत्रित किया है। इस संबंध में उन्होंने बताया कि पहले नैरोबी, केन्या, में हुई विशेषज्ञों की मीटिंग तथा उसके पश्चात, न्यू दिल्ली में हुई विशेषज्ञों की मीटिंग में डॉ एसएन मेडिकल कॉलेज में, इस बिमारी को लेकर अब तक हुए अनुसंधान तथा डॉ दिलीप कच्छावा द्वारा इसमें किए गए शोध कार्य से प्रभावित होकर, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस रोग से संबंधित एक विस्तृत निर्देशिका बनाने का निर्णय लिया। जो कि इस रोग को पहचानने के लक्षणों तथा इलाज से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य एवं निर्देश, विश्व भर के समस्त चिकित्सकों, विभिन्न देशों के स्वास्थ्य मंत्रालयो तथा सभी एनजीओ को उपलब्ध कराएगी। जिसे भविष्य में चिकित्सकों द्वारा इस रोग के इलाज हेतु, मार्गनिर्देशक पुस्तिका के रूप में उपयोग लिया जा सकेगा।

डॉक्टर दिलीप कच्छावाहा के नेतृत्व में, डॉक्टर एसएन मेडिकल कॉलेज में, माइसेटोमा बिमारी से पीड़ित पिछले 10 सालों में आए सभी रोगियों से संबंधित अनुसंधान पहले से ही विश्व स्वास्थ्य स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की संस्था "ड्रग्स फॉर नेगलेक्टेड डिजीज इनिसीएटिव" के अंतर्गत जारी है। जिसमें इस रोग से संबंधित विभिन्न लक्षणों का अध्ययन तथा, इस रोग के कारक जीवाणुओं पर अध्ययन तथा प्रदेश में इस रोग का फैलाव कितना है, पर अध्ययन किया जा रहा है। जिससे कि भविष्य में इस रोग से संबंधित नई दवाइयां विकसित करने में सहायता मिलेगी।

डॉ. कच्छावाहा ने बताया कि माइसेटोमा चमड़ी के नीचे के ऊतकों का विनाशकारी संक्रामक रोग है, जिसे आम भाषा में लोग कीड़ी नगरा बीमारी के नाम से भी जानते है। जिस के दो प्रमुख प्रकार होते हैं यूमाइसेटोमा और ऐक्टिनोमाइसेटोमा। यूमाइसेटोमा में, रोग कारक फंगस संक्रमण (कवक) के कारण होता है, जबकि ऐक्टिनोमाइसेटोमा में बैक्टीरियल संक्रमण (ऐक्टिनोमाइसेस) के कारण गांठ उत्पन्न होती हैं। ये गांठें समय के साथ बढ़ती हैं और शरीर के अंगों में दर्द, सूजन और त्वचा के बदलाव का कारण बनती हैं। इस रोग में घाव से काले दाने निकलना सूजन और दर्द होना एवं बाद में हड्डी एवं मास का गलना जैसे लक्षण उत्पन्न होते हैं। और अंत में पैर काटने जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। माइसेटोमा का समय पर पता चलना और उपचार करवाना बहुत महत्वपूर्ण होता है। सही समय पर इलाज न होने पर यह रोग गंभीर स्थिति में बदल सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य स्वास्थ्य संगठन द्वारा बनाई जा रही यह निर्देशिका महटवपूर्ण है।

गौरतलब है कि डॉ दिलीप कच्छावाहा द्वारा वीटिलीगो (सफेद दाग) की बीमारी पर इलाज हेतु विकसित की गई, जोधपुर तकनीक भी विश्व स्तर पर प्रसिद्ध एवं स्थापित हो चुकी है। जिसके संबंध में उन्होंने बताया कि, वीटिलीगो बिमारी के इलाज हेतु, उनके द्वारा विकसित तकनीक, अब विभिन्न नए रूपों में सब के द्वारा स्वीकृत एवं उपयोग की जा रही है।

यह त्वचा पर होने वाले सफेद दाग को ठीक करने के लिए एक माइनर सर्जरी है जिसमे मरीज की जांघ से चमड़ी लेकर सफेद दाग की जगह प्रत्यारोपित करते हैं। जिससे अब तक डेढ़ हजार रोगी लाभांवित हो चुके है। यह तकनीक रोगियों को सफेद दाग से 82 से 90 प्रतिशत तक मुक्ति दिला देती है।

इंटरनेशनल पिगमेंट सेल कॉन्फ्रेंस वाशिंगटन ने इस टेक्निक को आविष्कार की श्रेणी में रखा, जो 40 वर्षो के भीतर सब टेक्निक को प्रतिस्थापित कर देगी। ये टेक्निक विश्व कांग्रेस ऑफ डर्मेटोलॉजी, इंटरनेशनल कांग्रेस ऑफ डर्मेटोलॉजी, डेसिल व अन्य विश्व स्तरीय कॉन्फ्रेंस व भारत में प्रदर्शित हो चुकी है। यह तकनीक विश्व भर के महत्वपूर्ण जर्नल्स जैसे की जर्नल ऑफ अमेरिकन एकेडमी ऑफ डर्मेटोलॉजीष् तथा अन्य में जिनका की इंपैक्ट फैक्टर 10 से अधिक है, मैं प्रमुखता से छप चुकी है। जो की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

- **विश्व स्वास्थ्य संगठन ने दिलीप कच्छावाहा को माइसेटोमा बीमारी पर, विश्व की प्रथम तथा नवीनतम निर्देशिका बनाने के लिए आमंत्रित किया**

विभाग में अध्ययनरत डॉक्टर्स की स्टडी को पिछले चार साल में तीन बार राष्ट्रीय स्तर की सेमिनार में फर्स्ट अवार्ड मिला। वर्ष 2021 में डॉ. हेमा मालिनी की स्टडी श्क्लिनिकल स्टडी टू एसेस द एफिकेसी ऑफ ऑटोलॉगस नॉन कल्चर्ड नॉन ट्रिप्सिनाइज्ड मिलेनोसाइट्स एंड किरेटीनोसाइट्स ग्राफ्टिंग फ्रॉम पेरिलीजनल स्किन (वी मॉडिफिकेशन ऑफ जोधपुर टेक्निक) को आईएडीवीएल की ओर से डॉ. सीएस भवानी मेमोरियल अवार्ड मिला था। 2021 में ही डॉ. आनंद कुमार लामोरिया के अध्ययन श्अ कम्परेटिव स्टडी बिटविन फोलिक्यूलर यूनिट ट्रांसप्लांटेशन एंड ऑटोलोगस नॉन कल्चर्ड नॉन ट्रिप्सिनाइजड एपिडर्मल सेल्स ग्राफ्टिंग इन स्टेबल विटीलिगो (जोधपुर टेक्निक) को कॉन्फ्रेंस एसिकॉन-2021 में जेसीएएस 2020 में प्रकाशित उत्कृष्ट अध्ययन के लिए प्रथम पुरस्कार मिला था।



डॉ. दिलीप कच्छावाहा

हाल में डॉ. राहुल सिंगरोदिया की ओर से किए अध्ययन श्ए प्रोस्पेक्टिव स्टडी ऑफ इम्यूनोहिस्टो केमिकल मार्क्स, एक्सप्रेस्ड बाई द किरेटिनोसाइट्स इन्फेक्टेड विद मॉलसकम कन्टेजियोसम वायरस बिफॉर एंड आफ्टर ट्रीटमेंट बाइ ऑटोइनोक्यूलेशन एंड देयर रोल इन रिग्रेशन ऑफ डोरमेंट लीजनश् को दिल्ली में हुई राष्ट्रीय स्तरीय कॉन्फ्रेंस एसिकॉन-2024 में प्रथम पुरस्कार मिला। कॉन्फ्रेंस में इसे डॉ. चिन्मय यादव की ओर से प्रस्तुत किया गया।

## अवैध पिस्टल सहित युवक पकड़ा

**जोधपुर**, (कासं)। प्रतापनगर पुलिस ने कायलाना के पास में अवैध रूप से पिस्टल लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है। पिस्टल के साथ एक मैगजीन भी बरामद हुई है।

प्रतापनगर थानाधिकारी मुकेश कुमार ने बताया कि मुखबिरी से सूचना मिली कि कायलाना के निकट एक युवक पिस्टल लेकर घूम रहा और राहगीरों को धमका रहा है। इस पर पुलिस की टीम वहां पहुंची तब संदिग्ध युवक को पकड़ा गया। उसकी तलाशी लिए जाने पर पास में देशी पिस्टलमय मैगजीन को जब्त किया गया। इस पर पुलिस ने आरोपी बलदेव नगर मसूरिया शिवबस्ती निवासी पदम उर्फ पीयूष पुत्र नेमीचंद को गिरफ्तार कर लिया।


प्ररूप-10
(नियम-6(7) देखिए)

### प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगरपालिका,सोजत (पाली)

क्रमांक / भूमि / 2024-25 / 361 दिनांक 26.11.2024

-: लोक सूचना :-

अग्रलिखित खातेदारों द्वारा सोजत शहर एवं उसके नगरीय योग्य सीमा क्षैत्र में इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात् :-

| क. सं. | प्रार्थी का नाम | जिला | ग्राम | चक नं. | खसरा नं. | क्षैत्र वर्ग गज | भूखण्ड संख्या | प्रस्तावित प्रयोजनार्थ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमदनलाल पुत्र श्री मोहनलाल जी | पाली | सोजत | 2 | 1939 | 150.22 | 104 | आवासीय |
| 2 | श्रीमति धापकवंर पत्नी श्री भवंरसिंह जी | पाली | सोजत | 2 | 66 | 1406.00 | | मोटल |
| 3 | श्रीमति सजिया देवी पत्नी श्री जुगराज जी | पाली | सोजत | 1 | 2413/1 | 138.88 | 7 | आवासीय |
| 4 | श्रीमति सुशिला देवी पत्नी श्री स्व.श्री भुण्डाराम जी | पाली | सोजत | 1 | 2413/1 | 138.88 | 6 | आवासीय |
| 5 | श्री रामचन्द्र पुत्र श्री भाणराम जी | पाली | सोजत | 1 | 3951 | 366.11 | | आवासीय |
| 6 | श्री गणपतलाल राठौड़ पुत्र श्री भवंरलाल जी | पाली | सोजत | 2 | 1915/4 | 218.33 | 27 | आवासीय |
| 7 | श्रीमति पूजा माली पत्नी श्री ललित कुमार जी | पाली | सोजत | बासनी तिलवाड़िया | 10/1 | 122.77 | 11 | आवासीय |
| 8 | श्री सुरेश कुमार L पुत्र श्री लुम्बाराम जी | पाली | सोजत | 2 | 3907/1297 | 1345.48 | | वाणिज्यक |
| 9 | श्री शिवलाल पुत्र श्री लुम्बाराम जी | पाली | सोजत | 2 | 3908/1297 | 1345.48 | | वाणिज्यक |
| 10 | श्री पदमराज चितारा पुत्र श्री जवरीलाल जी | पाली | धीनावास | | 1805/2 | 2915.8278 | | फार्म हाऊस |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1956 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के सात दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेंगे।
उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जावेगा।
यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 26.11.2024 को जारी की गयी।

दिनांक :-
स्थान :- सोजत

राज.संवाद / सी / 24 / 8393

प्राधिकृत अधिकारी

